यद्यपि क्योंकि भारत कुवैत से किसी प्रकार का अशोधित तेल का आयात नहीं कर रहा है, अतः कुवैत के अशोधित तेल के मूल्यों में तथाकथित कमी का प्रभाव आयात किए जाने वाले अशोधित तेल के परिणामस्वरूप बाहर जाने वाली विदेशी मुद्रा पर नहीं पड़ेगा।

रेल गाड़ियों में डकैतियां (अमृतसर एक्सप्रेस)

370. **श्री दया राम शाक्य** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 15 सितम्बर, 1977 को स्योहारा स्टेशन के निकट डाकुओं ने गोली चला कर 49 हावड़ा-अमृतसर एक्सप्रेस गाड़ी को लूटने का प्रयास किया था और पूर्वोत्तर रेलवे में कानपुर और फरुखाबाद के बीच डकैती पड़ी थी ; और

(ख) यदि हां, तो भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण): (क) 15-9-77 को 49 हावड़ा-अमृतसर एक्सप्रेस को लूटने का डाकुओं द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया था । जब यह गाड़ी स्योहारा और चकराज-मल स्टेशनों के बीच चल रही थी, इंजन के कर्मचारियों ने एक धमाके की आवाज सुनी और उड़ते हुए लोहे के टुकड़े के कारण एक फायरमैन को पीठ पर चोट लगी । अंदेशा है कि इंजन के कोयला वाले टेंडर में कोई विस्फाटोक पदार्थ पड़ा हुआ था जो फट गया । इंजन के कर्मचारियों द्वारा रेल पथ के दोनों ओर किसी भी व्यक्ति को नहीं पाया गया ।

15-9-77 को जब 14 डाउन एक्स-प्रेस पूर्वोत्तर रेलवे के कन्नौज और चौबेपुर स्टेशनों के बीच चल रही थी उस समय डकैती की एक घटना हुई ।

(ख) (i) उन क्षेत्रों में सारी रात चलने वाली सवारी गाड़ियों में सरकारी रेलवे पुलिस के सशस्त्र रक्षकों द्वारा पहरा दिया जा रहा है ।

(ii) रेलवे अपराधियों के बारे में अपराध सम्बन्धी आसूचना एकत्रित करने, उनकी गतिविधियों पर निगाह रखने और छापे आदि मारने की व्यवस्था करने, अभ्यस्त रेलवे अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए सरकारी रेलवे पुलिस के विशेष अपराध आसूचना कर्मचारियों को तैनात किया जा रहा है ।

(iii) यात्री गाड़ियों का मार्ग रक्षा करने वाले रेलवे पुलिस के सशस्त्र रक्षक जागरुक हैं, इसे सुनिश्चित करने के लिए सरकारी रेलवे पुलिस के पर्यवेक्षक कर्म-चारी प्रायः अचानक जांच करते रहते हैं ।

(iv) उत्तर प्रदेश के बदनाम खण्डों में चलने वाली यात्री गाड़ियों की सशस्त्र मार्ग रक्षा को प्रभावी बनाने में सरकारी रेलवे पुलिस की सहायता के लिए, रेल मंत्रा-लय ने रेलवे सुरक्षा विशेष दल की तो कम्पनियां महानिरीक्षक पुलिस, उत्तर प्रदेश के सुपुर्द कर दी है ।

अलकोहल की मांग तथा पूर्ति

371. **श्री दया राम शाक्य** : क्या पैट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा अलकोहल की मांग और पूर्ति के सम्बन्ध में किये गये अध्ययन का ब्यौरा क्या है ; और

(ख) इसका उत्पादन किन-किन शराब कारखानों में किया जाता है ?